**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 23.08.2025 समय : 1850

**<><><><><><><>**

- राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा पिछले ग्यारह वर्षों में अंतरिक्ष क्षेत्र में सरकार ने बड़ी उपलब्धियां हासिल की है।
- टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत, अंडमान लॉ कॉलेज में क्षय रोग पर जागरूकता सत्र का आयोजन।
- पर्यटन विभाग द्वारा द्वीपसमूह की ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने की दिशा में व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया।
- बुल्गारिया में अंडर–ट्वेन्टी विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के महिला स्पर्धा में भारत की काजल दोचक ने स्वर्ण पदक जीता।

**<><><><><><><>**

देशभर में आज दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन चंद्रयान–तीन के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की सफलता की याद दिलाता है। तेईस अगस्त दो हजार तेईस को भारत ने चंद्रमा पर सुरक्षित लैंडिंग कर इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की थी। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत सेमीक्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी उन्नत तकनीकों में तेजी से प्रगतिकर रहा है। मोदी ने पिछले ग्यारह वर्षों में अंतरिक्ष क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए सुधारों और हासिल उपलब्धियों को भी रेखांकित किया।

इसरो के चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन ने भारत की अंतरिक्ष प्रगति पर गर्व व्यक्त किया और बताया कि एक्सियम–फोर मिशन में तरल ऑक्सीजन रिसाव की समस्या को समय रहते पहचान कर दुर्घटना टाली गई। डॉक्टर नारायणन का यह साक्षात्कार आज रात सवा नौ बजे आकाशवाणी के एफएम गोल्ड चैनल एक सौ दशमलव एक पर सुना जा सकता है।

**<><><><><><><>**

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत, जिला स्वास्थ्य समिति ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के माध्यम से और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से शनिवार को अंडमान लॉ कॉलेज में क्षय रोग पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जी.बी. पंत अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्जुन शिवदास के.के. रहे। उन्होंने उपस्थित छात्रों और शिक्षकों को टी.बी के लक्षणों, इसकी रोकथाम के उपायों तथा उपचार पद्धतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि टी.बी केवल एक चिकित्सकीय चुनौती नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है। सत्र के दौरान 'निक्षय मित्र योजना' पर आधारित एक प्रेरणादायक वीडियो प्रदर्शित किया गया, जिसमें यह बताया गया कि कैसे समाज के विभिन्न वर्ग, विशेष रूप से युवा, टीबी रोगियों को पोषण और भावनात्मक सहयोग देकर उनके उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर, अंडमान लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी.वी. नागेंद्र शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को टीबी मुक्त भारत शपथ दिलाई और देश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता जताई।

**<><><><><><><>**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने संचार मंत्री, ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया को पत्र लिखकर द्वीपों में दूरसंचार विभाग में कथित रूप से हो रही कार्य–निष्पादन संबंधी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनसे तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। श्री तिवारी ने अपने पत्र में कहा है कि द्वीपसमूह में बी.एस.एन.एल एकमात्र सेवा प्रदाता है और वर्तमान में बी.एस.एन.एल तीस अप्रैल दो हजार पच्चीस से नियमित मुख्य महाप्रबंधक की अनुपस्थिति के कारण कार्य–निष्पादन में कमी के संकट का सामना कर रहा है। बी.एस.एन.एल के कर्मचारियों के साथ–साथ आम जनता भी फॉर–जी संतृप्ति परियोजनाओं जैसी महत्वपूर्ण नई परियोजनाओं और बी.एस.एन.एल के अन्य दैनिक मामलों से संबंधित अनुमोदन में सक्षम प्राधिकारी से देरी के कारण परेशान है। उन्होंने बी.एस.एन.एल के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए तत्काल एक मुख्य महाप्रबंधक की नियुक्ति करने की अपील की है।

**<><><><><><><>**

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह की ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पर्यटन विभाग द्वारा आज एक व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण हॉल, पोर्ट ब्लेयर में संपन्न हुआ। इस विशेष व्याख्यान का विषय था "हेरिटेज पर्यटन – अंडमान और निकोबार का इतिहासः प्राचीन एवं पूर्व–औपनिवेशिक युग", जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.

प्रणव सरकार, जनजातीय कल्याण विभाग, ने ऐतिहासिक तथ्यों, पुरातात्विक महत्व, तथा द्वीपसमूह की सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. सरकार ने अपने वक्तव्य में कहा, ”अंडमान और निकोबार न केवल प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर हैं, बल्कि इनकी ऐतिहासिक जड़ें भी अत्यंत गहराई से जुड़ी हुई हैं। प्राचीन काल से ही यह द्वीपसमूह व्यापार, सांस्कृतिक आदान–प्रदान तथा जनजातीय जीवन के महत्वपूर्ण केंद्र रहे हैं।” वक्ताओं ने इस तरह के आयोजन को द्वीपों के हेरिटेज पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में अत्यंत उपयोगी बताया। इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना तथा उसे विश्व मंच पर प्रस्तुत करना, पर्यटन विकास की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

<><><><><><><>

बुल्गारिया के समोकोव में, अंडर–ट्वेन्टी विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत की काजल दोचक ने कल स्वर्ण पदक जीता, वहीं श्रुति और सारिका ने कांस्य पदक जीते। सारिका ने महिलाओं के तिरपन किग्रा वर्ग में पोलैंड की इलोना वालचुक को हराकर कांस्य पदक जीता। पुरुषों के ग्रीको–रोमन साठ किग्रा वर्ग में, सूरज ने फ्रांस के लुकास गो ग्रासो को हराकर कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में भारतीय पहलवानों ने अब तक नौ पदक जीते हैं जिनमें दो स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज के रेड रिबन क्लब ने अंडमान–निकोबार एड्स कंट्रोल सोसाइटी श्री विजयपुरम के सहयोग से पांच किमी लंबी ”रेड रन” मैराथन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एड्स की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। पुरुष वर्ग में तंजीम अली, सिबम जाना और मनोज सरकार, जबकि महिला वर्ग में गोराकला युक्ति, अबिशाक इनलोंटी और अनामिका मंडल विजेता रहीं। सभी विजेताओं को पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. जयकुमार व अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। आयोजन का सफल संचालन नोडल अधिकारी डॉ. जोचिबेड विंसेंट ने किया।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार प्रशासन के कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर आई.टी.आई की अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपनी सीट की पुष्टि के लिए निर्धारित तिथि के भीतर प्रवेश शुल्क बैंक में जमा करें। समय पर शुल्क जमा न करने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और सीट अगले पात्र अभ्यर्थी को दे दी जाएगी। भुगतान की रसीद ईमेल या व्हाट्सएप के माध्यम से भेजना अनिवार्य है। फीस जमा करने के बाद, उम्मीदवारों को चिकित्सा प्रमाण पत्र जमा कर अपने आई.टी.आई संस्थान में रिपोर्ट करना होगा।

<><><><><><><>